एक नजर में

नवप्रवेशित विद्यार्थियों को मिली सफल कॉलेज लाइफ की सीख

ग्वालियर 09 सितम्बर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय में नवप्रवेशित बी.एससी. (कृषि) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित दीक्षारंभ-2026-27 के तीसरे दिन विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ मानसिक एकाग्रता, अनुशासन, सकारात्मक सोच और व्यक्तित्व विकास का संदेश दिया गया। Orientation Empowering New Beginnings थीम के तहत आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एंटी रैगिंग नीति की जानकारी देने के साथ उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके बाद अकादमिक प्रभारी डॉ. आर.के. जायसवाल ने एंटी रैगिंग पर व्याख्यान दिया। डॉ. एम.पी. ठाकुर ने विद्यार्थियों को Gen के रूप में संबोधित करते हुए उनकी तकनीकी दक्षता, रचनात्मकता और ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाने पर जोर दिया। कार्यक्रम के संचालन में डॉ. आर.के. जायसवाल, डॉ. आर.एस. ससौदे, डॉ. प्रमोद के. फतेहपुरिया, डॉ. एच.एल. खपेडिया एवं डॉ. राजीव दुबे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

ऑटो में जेवर से भरा पर्स चोरी, हजीरा थाने में मामला दर्ज

ग्वालियर 09 सितम्बर। भतीजी के जन्मदिन में शामिल होने मायके जा रही महिला से ऑटो में जेवर और नकदी चोरी का मामला सामने आया है। घटना हजीरा थाना क्षेत्र के इंद्रानगर पुलिया से डॉ. सिंह वाली गली के बीच की है। पीड़िता ने ऑटो में साथ बैठी 35 वर्षीय अज्ञात महिला पर चोरी का शक जताया है। हजीरा पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंद्रानगर निवासी 55 वर्षीय ओमवती लोधी ने बताया कि 4 सितंबर को भाई की बेटी तान्या का जन्मदिन था। शाम करीब 8.30 बजे वह बेटी गंगा के साथ सुभाष नगर स्थित मायके जा रही थी। बेटी अपने ममेरे भाई अंशुल राजपूत के साथ बाइक से निकल गई, जबकि ओमवती इंद्रानगर गेट से ऑटो में बैठी। घर से मायका आधा किलोमीटर दूर है। रास्ते में ऑटो चार शहर के नाके पर कुछ देर रुका था। पूरी वारदात 5 से 10 मिनट में हुई। सुभाष नगर पहुंचकर पर्स देखा तो अंदर रखा जेवर का छोटा पर्स और 25 हजार रुपये नकद गायब थे। पर्स में पुराना सोने का हार, दो चूड़ियां, एक ब्रेसलेट, पांच अंगूठियां, दो जोड़ी चांदी की पायल, एक चांदी की चूड़ी थी। जेवर का वजन 9 से 10 तोला है। पर्स में आधार और पैन कार्ड की कॉपी भी थी। थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि संदेही महिला हजीरा पर उतरी थी। कुछ अहम सुराग मिले हैं, जल्द पकड़ा जाएगा।

भगवान को सुमिरन करने की कोई उम्र नहीं : पं.कौशिक

ग्वालियर 09 सितम्बर। भगवान को सुमरिन करने की कोई उम्र नहीं होती। भक्त प्रह्लाद ने छोटी सी उम्र में ही भगवान को प्राप्त कर लिया। यह विचार पं सतीश कौशिक ने गेरू वाला बंगला मुरार में श्रीमद्भागवत कथा का तीसरे दिन बुधवार को व्यक्त किए। पं कौशिक ने कहा कि यह धारणा गलत है कि अंतिम समय में ही खुद को भगवान की भक्ति में समर्पित करना चाहिए। बचपन एवं युवा अवस्था में यदि भगवान का नाम नहीं लोगे, तो अंतिम समय में भी मुंह से राम नहीं निकलेगा, इसलिए अपने बच्चों को भी साथ कथा में लाना चाहिए, ताकि उन्हें शुरू से ही प्रभु सुमरिन का अभ्यास हो सके। उन्होंने बताया कि एक ही आसन में बैठकर कथा सुनने से हमारे सारे कार्य सिद्ध हो जाते हैं। भगवान की कथा कल्पवृक्ष के समान है, इसे हम जिस भाव से सुनते हैं, हमें वही प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि जीवन में कष्ट आए तो भगवान की शरणागति हो जाओ, वे आपका कल्याण कर देंगे। उन्होंने अजामिल की कथा सुनाते हुए कहा कि उसने अपने बेटे का नाम नारायण रखा और नारायण नाम लेकर दुष्ट और पापी अजामिल को भी मुक्ति मिल गई। भगवान के नाम से हर कष्ट का निवारण हो जाता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार दूध का असर देर में और मदिरा का तुरंत होता है। इसी प्रकार अच्छी बात जल्दी असर नहीं करती है। उन्होंने बताया कि पांच ज्ञानेंद्री, पांच कर्मेंद्री और मन को यदि वश में कर लिया तो भगवान को भी वश में कर सकते हैं। मन के अनुसार नहीं चले बल्कि मन को अपने अनुसार चलाएं। उन्होंने कहा कि धर्म के मार्ग पर चलने वाला कभी किसी दूसरे को दुख नहीं पहुंचाता है। इस मौके पर विधायक सहाब सिंह गुर्जर, पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल, कथा परीक्षत रामबाबू यादव, रामसिंह यादव, रामप्रकाश दुबे, अजय यादव, नकुल ढमोले सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

डिजायर चोरी करने वाला गिरफ्तार

ग्वालियर 09 सितम्बर। जिले में वाहन चोरी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पनिहार पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की है।

पुलिस के अनुसार 31 अगस्त को खरगौन जिले के सनावद थाना क्षेत्र के ग्राम खनगांव बेडी निवासी विजय परदे ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह इंदौर रेलवे स्टेशन से दो लोगों को अपनी कार क्रमांक एमपी 09 सीडब्ल्यू 8310 से किराए पर ग्वालियर लाया था। नयागांव से थोड़ा आगे वह बाथरूम के लिए कार रोककर गया, वापस लौटा तो दोनों व्यक्ति कार लेकर फरार हो चुके थे। इस पर थाना पनिहार में अपराध दर्ज किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजावल जग्गा के निर्देश पर थाना प्रभारी हरेन्द्र शर्मा ने टीम गठित कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। सूचना मिली कि चोरी के मामले का संदेही भिंड रोड पर बरेठा पुल के पास सफेद बिना नंबर की स्विफ्ट डिजायर कार में बैठा है।

पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम आशीष चौहान निवासी मेहरी लहार जिला भिंड बताया। पूछताछ में कार चोरी की होना स्वीकार किया। पुलिस ने कार जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके साथी के बारे में पूछताछ की जा रही है।

पेट्रोल पंप पर टैंकर से पेट्रोल उतारते समय भड़की आग

दो कर्मचारी झुलसे, बड़ा हादसा टला

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 09 सितम्बर। शिंदे की छावनी स्थित एक पेट्रोल पंप पर मंगलवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते रह गया। टैंकर से भूमिगत स्टोरेज टैंक में पेट्रोल खाली करने के दौरान अचानक लगी आग से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। इस हादसे में दो कर्मचारी झुलस गए हैं।

जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 12 बजे पेट्रोल पंप पर टैंकर से तेल खाली करने का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक स्पार्किंग हुई और चिंगारी से पेट्रोल ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ऊंची-ऊंची लपटें और काले धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा।

आग लगते ही पंप परिसर में मौजूद ग्राहकों और आसपास के दुकानदारों में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपने वाहन छोड़कर जान बचाने के लिए इधर-उधर2 भागने लगे। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए पंप कर्मचारियों ने हिम्मत और सूझबूझ का परिचय दिया। उन्होंने तुरंत पंप के फायर सेफ्टी सिस्टम और अग्निशमन यंत्रों से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया।

आग बुझाने के दौरान दो कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गए। अन्य कर्मचारियों ने उन्हें तुरंत बाहर निकाला और एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। डॉक्टरों के अनुसार दोनों कर्मचारियों की हालत खतरे से बाहर है, लेकिन उन्हें निगरानी में रखा गया है। सूचना मिलते ही इंदरगंज थाना पुलिस और नगर निगम की फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि तब तक कर्मचारियों ने आग पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया था। दमकल कर्मियों ने पूरी तरह से आग बुझाकर कूलिंग का काम किया। एहतियात के तौर पर कुछ देर के लिए शिंदे की छावनी रोड पर यातायात रोक दिया गया था।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या स्टैटिक चार्ज से स्पार्किंग होना आग की वजह माना जा रहा है। पुलिस और विस्फोटक विभाग की टीम सुरक्षा मानकों में लापरवाही हुई या नहीं, इसकी भी जांच कर रही है।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत 2 नाबालिग सकुशल मिले

ग्वालियर 09 सितम्बर। थाना महाराजपुरा पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए घर से बिना बताए गायब हुए दो नाबालिग बालकों को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार महाराजपुरा निवासी विवेक ने 7 सितंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका 10 साल का बेटा और उसके बहनोई का 13 साल का बेटा सुबह स्कूल के लिए एक साथ निकले थे, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने स्कूल, आसपास और रिश्तेदारी में तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। आशंका जताई गई कि कोई अज्ञात व्यक्ति दोनों को बहला-फुसलाकर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना महाराजपुरा में अपराध दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल और सीएसपी नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी यशवंत गोयल ने टीम गठित की। तकनीकी सेल और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर तलाश शुरू की गई। पुलिस ने 8 सितंबर को दोनों बालकों को दस्तयाब कर लिया।

जमीन हड़पने के मामले में दो बदमाश गिरफ्तार

ग्वालियर 09 सितम्बर। फर्जी दस्तावेजों के जरिए कृषि भूमि हड़पने के मामले में फरार चल रहे दो इनामी आरोपियों को महाराजपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर दो-दो हजार रुपये का इनाम घोषित था। एसएसपी धर्मवीर सिंह के निर्देश पर फरार इनामी आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। एएसपी पूर्व शिवेश सिंह बघेल के निर्देश पर थाना महाराजपुरा में दर्ज अपराध क्रमांक 19/26 के वांछित आरोपियों की तलाश की जा रही थी। सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी यशवंत गोयल के नेतृत्व में टीम ने आरोपी मनोज की तलाश में मुरैना जिले के रिठौरा थाना क्षेत्र के ग्राम करिगंवा में दबिश दी। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उनकी पहचान रवि आदिवासी निवासी लडोरा थाना आंतरी हाल सैथरी महाराजपुरा और मनोज गुर्जर निवासी करिगंवा मुरैना के रूप में हुई। 7 अक्टूबर 2024 का फर्जी मुख्त्यारनामा तैयार कर आधार कार्ड पर दूसरे लोगों के फोटो लगाकर रजिस्ट्री करा ली थी और बाद में 11 नवंबर 2024 को फर्जी विक्रय पत्र तैयार कर लिया था।

यात्रियों के मोबाइल चुराने वाला शातिर गिरफ्तार

1.25 लाख के 6 फोन बरामद

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 09 सितम्बर। ट्रेनों, स्टेशन परिसर और आउटर में यात्रियों के मोबाइल चोरी करने वाले शातिर बदमाश को जीआरपी ग्वालियर बीजी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के पास से एक हैंड पर्स और विभिन्न कंपनियों के 6 मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 1,25,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार विशेष पुलिस महानिदेशक रेल राजाबाबू सिंह, उप पुलिस महानिरीक्षक रेल पंकज श्रीवास्तव और पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल अंकित जयसवाल के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भोपाल नीतू डाबर और उप पुलिस अधीक्षक रेल ग्वालियर राम स्नेही चौहान के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई।

थाना प्रभारी दीपशिखा सिंह तोमर ने टीम गठित कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। 8 सितंबर को टीम ने दबिश देकर आरोपी समीर तुर्क पिता रहीश तुर्क, उम्र 19 वर्ष, निवासी हवाई बिल्डिंग, चार नंबर गली, थाना मुस्तफाबाद, दिल्ली को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने दो वारदातें कबूल कीं। पहली वारदात 8 सितंबर को ट्रेन नंबर 11125 रतलाम-भिण्ड एक्सप्रेस में की, जहां भिण्ड निवासी रामवीर कुशवाह का 10 हजार रुपये कीमत का रियलमी मोबाइल चुराया। इस मामले में अपराध दर्ज है। दूसरी वारदात में उसी दिन प्लेटफार्म नंबर 1 के बाहर से मुरैना निवासी दिलीप का 30 हजार का वनप्लस मोबाइल चोरी किया। दोनों मामलों में 40 हजार के दो मोबाइल बरामद किए गए हैं, जबकि शेष 4 मोबाइल कीमत 85 हजार रुपये जब्त किए गए हैं।

वैदिक परंपरा और बृहत्तर भारत को मिलेगा स्थान-शान्तिदेव

इतिहास पाठ्यक्रम का भारतीयकरण पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 09 सितम्बर। स्नातकोत्तर इतिहास के पाठ्यक्रम से औपनिवेशिक दृष्टिकोण हटाकर भारतीय ज्ञान परंपरा को केंद्र में रखा जाएगा। इस दिशा में जीवाजी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू हुई। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत आयोजित इस कार्यशाला में स्नातकोत्तर प्रथम, द्वितीय और चतुर्थ सेमेस्टर के पाठ्यक्रम निर्माण पर मंथन किया जा रहा है। कार्यशाला का आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा नोडल और प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। अध्यक्षता कुलगुरु राजकुमार आचार्य ने की।

बीज वक्तव्य पूर्व प्राध्यापक ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने दिया। उन्होंने कहा कि वैदिक साहित्य और बृहत्तर भारत के सांस्कृतिक विस्तार को इतिहास पाठ्यक्रम में स्थान मिलना चाहिए। वेदों के अध्ययन के बिना प्राचीन इतिहास अधूरा है।

इसी क्रम में 'बृहत्तर भारत का सांस्कृतिक विस्तार' विषय पर उन्मुखीकरण व्याख्यान हुआ। इसमें मुख्य अतिथि दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान भोपाल के निदेशक मुकेश कुमार मिश्रा रहे। विश्वकर्मा ने कहा कि इक्ष्वाकु वंश और श्रीराम के प्रसंगों के माध्यम से दक्षिण-पूर्व एशिया तक भारतीय संस्कृति के प्रसार के प्रमाण मिलते हैं। मध्य एशिया और माया सभ्यता तक वैदिक संस्कृति के अवशेष देखे जा सकते हैं। मुकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि ईसाईयत से पहले वैदिक भारत ही विश्व संस्कृति का केंद्र था और उसके मूल्य आज भी लोकजीवन में जीवंत हैं। नोडल अधिकारी शांतिदेव सिसोदिया ने बताया कि नए पाठ्यक्रम में भारतीय दृष्टिकोण, जीवंत परंपराओं और क्षेत्रीय इतिहास को समग्र रूप से शामिल किया जाएगा। कार्यशाला में केंद्रीय अध्ययन मंडल की चेयरमैन श्रद्धा शुक्ला सहित प्रदेशभर के इतिहास विशेषज्ञ मौजूद रहे।

वार्ड 25 में आवारा मवेशियों का आतंक

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 09 सितम्बर। शहर में आवारा पशुओं की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 25 के अंतर्गत आने वाली लाल साहब का बगीचा कॉलोनी में आवारा गायों के झुंड ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि दिनभर गली-मोहल्ले में 8 से 10 गायें बैठी रहती हैं और सड़कों पर घूमती रहती हैं। इससे लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति सबसे ज्यादा खतरनाक है। कई बार ये पशु राहगीरों पर हमला भी कर देते हैं।

कॉलोनी वासियों ने बताया कि इस संबंध में कई बार नगर निगम ग्वालियर के अधिकारियों से शिकायत कर पशुओं को पकड़ कर ले जाने की मांग की गई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि इस लापरवाही से कोई बड़ा हादसा होता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी नगर निगम की होगी। लोगों ने निगम प्रशासन से मांग की है कि पूरे शहर में घूम रहे आवारा पशुओं पर सख्ती से लगाम लगाई जाए और उन्हें गौशालाओं में भेजा जाए।

शादी के दबाव में किशोरी ने दी जान

ग्वालियर 09 सितम्बर। शादी के दबाव से परेशान होकर आत्महत्या करने वाली किशोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। 28 जुलाई को डबरा सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम मेकेरा जागीर में 16 वर्षीय किशोरी ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी थी।

नहाने गया 13 साल का बालक मोतीझील में डूबा

ग्वालियर 09 सितम्बर। मोतीझील में नहाने गए 13 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। मृतक दोस्तों के साथ नहाने गया था, तभी हादसे का शिकार हो गया। जानकारी के अनुसार मोतीझील के समीप किराए के मकान में रहने वाले सुधर सिंह जाटव का बेटा लाखन सिंह बीते दोपहर दोस्तों के साथ मोतीझील तलैया नहाने गया था। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजन तलाशते हुए पहुंचे, तो खोजबीन में उसका शव पानी में उतराता मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

पंजीयन के बिना चल रही दो क्लीनिक सील ,सीएमएचओ ने कराया बंद

नवभारत न्यूज
ग्वालियर 09 सितम्बर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की टीम ने बुधवार को शहर में बिना पंजीयन और अनाधिकृत रूप से संचालित हो रही क्लीनिकों पर छापामार कार्रवाई की। टीम ने औचक निरीक्षण के दौरान दो क्लीनिकों को मौके पर ही बंद कराया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम.एस. सागर ने बताया कि पहली कार्रवाई पिंटो पार्क क्षेत्र में की गई। यहां बी.के. विश्वास द्वारा बंगाली क्लीनिक के नाम से क्लीनिक संचालित की जा रही थी। जांच में पाया गया कि क्लीनिक का सीएमएचओ कार्यालय में कोई पंजीयन नहीं है। यहां एलोपैथी पद्धति से पाइल्स, फिशर और फिस्टुला का इलाज किया जा रहा था।

दूसरी कार्रवाई 60 फुटा रोड थाटीपुर में अमित शर्मा क्लीनिक पर की गई। बीएएमएस डिग्री धारी अमित शर्मा द्वारा यहां एलोपैथी से उपचार किया जा रहा था। टीम को मौके पर मरीजों को स्टेरॉयड टेबलेट दिए जाने के साक्ष्य भी मिले। दोनों ही मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए क्लीनिकों को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया गया है।

दूर से आकर शहर में गढ़ रहे हैं मिट्टी से भगवान की मूरत

फूलबाग वाली माता ने दिलाया सम्मान

संजीव कुमार शर्मा
ग्वालियर 09 सितम्बर। शहर में इन दिनों कई जगह पर मूर्तिकार मूर्तियां बनाने का कार्य कर रहे हैं कई जगह पर पीओपी से बनी हुई मूर्तियां बनाई जा रही है, वहीं कई कलाकार ऐसे भी हैं जो सिर्फ मिट्टी की मूर्तियां ही बनाते हैं। ऐसे ही एक मूर्तिकार है उत्तर प्रदेश झांसी के अजय माहोर। अजय का कहना है कि वह विगत कई वर्षों से ग्वालियर में आकर मूर्ति बनाने का कार्य कर रहे हैं यह सिर्फ उनकी रोजी-रोटी का जरिया नहीं बल्कि आस्था और दिल को सुकून देने वाला कार्य है। हालांकि अब इसके अलावा कुछ और मैं कर नहीं सकता क्योंकि कुछ और कार्य आता भी नहीं लेकिन ग्वालियर में मुझे बहुत प्यार मिला और लगातार लोग मेरी मूर्तियां खरीद रहे हैं। अजय छोटी बड़ी मिलाकर करीब 60 से 80 90 मूर्तियां बनाते हैं जिन्हें बनाने में उन्हें लगभग तीन से चार पांच महीने तक का समय लग जाता है वह गणेश जी दुर्गा मां और अन्य देवी देवताओं की आकर्षक मूर्तियां बनाते हैं। ग्वालियर की सबसे बड़ी मूर्ति बनाने का रिकॉर्ड भी अजय के नाम है। अजय इस समय मुरार पोस्ट ऑफिस के पास मूर्तियां बना रहे हैं।

व्यक्ति और प्रकृति दोनों को नुकसान नहीं पहुंचती मिट्टी की मूर्ति : मूर्तिकार अजय ने बताया कि मिट्टी की मूर्ति बनाने के कई फायदे होते हैं। यह मूर्तियां ना किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचती है न ही प्रकृति को। अजय का कहना है की मिट्टी की बनी हुई मूर्तियां इको फ्रेंडली होती है और इन्हें जगह पर ही पानी से विसर्जित किया जा सकता है। इसके साथ ही यदि हम पूजा पद्धति की बात करें तो मिट्टी की बनी हुई मूर्ति ही पूजा योग्य होती है।

मुस्कुराती हुई मूर्ति से हुए थे विख्यात

अजय बताते हैं कि उन्होंने एक बार एक ऐसी मूर्ति बनाई थी जो की मुस्कुराती हुई प्रतीक हो रही थी इस मूर्ति की चर्चा पूरे ग्वालियर में हुई जिससे उन्हें बहुत पहचान मिली। इसके साथ ही उन्होंने एक और किस्सा बताया उनका कहना था कि एक संस्था श्री राम राजेश्वरी सेवा संस्थान समिति ने उनसे अंतिम समय पर आकर मूर्ति की मांग की लेकिन उनके पास न हीं तो समय था और न हीं साधन इसलिए उन्होंने पहले तो संस्था के लोगों को इनकार कर दिया लेकिन जब वह जाने लगे तो उन्होंने संस्था के लोगों को रोक कर कहा कि एक मूर्ति उनसे गलत बन गई है, उसके दो हाथ एक्स्ट्रा निकल गए हैं, आप कहें तो मैं उसे ही तैयार कर देता हूं। संस्था के लोगों ने अपनी सहमति जताई बाद में उन्होंने उन दो हाथ की जगह माता के दो सिर लगा दिए और तीन सिर वाली माता की मूर्ति बनाई। यह मूर्ति ग्वालियर के फूल बाग लक्ष्मी स्टैचू के सामने पत्रकारों द्वारा विराजित झांकी में रखी गई जिसे ग्वालियर के बड़े अधिकारियों एवं ग्वालियर सांसद ने सराहा और अजय माहौर को सम्मान भी दिया।

पुश्तैनी कृषि और मैकेनिक की दुकान छोड़ बनाते हैं मूर्ति

अजय माहोर के साथ कई अन्य कलाकार भी कार्य करते हैं जो ऐसे ही एक मूर्तिकार है सोनू माहौर, जो की 12 साल की उम्र से ही मूर्तियां बनाने लगे थे आज 27 साल हो गए जब उनकी उम्र के लोग कंप्यूटर में अपना समय व्यतीत करते हैं तब सोनू मिट्टी की मूर्तियां बनाने को ही अपना शौक बताते हैं। सोनू ने बताया कि बैसे तो हमारी गोहद जिला भिंड में मैकेनिक की दुकान है, पुस्तैनी कृषि भूमि भी है परिवार के लोग सब यही काम करते हैं, मैं भी खाली समय में वहीं काम करता हूं लेकिन मिट्टी की मूर्ति बनाना मेरी हॉबी है। यह मेरे बचपन का शौक है आज शौक के साथ-साथ इससे अच्छी खासी इनकम भी हो जाती है।